C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....


# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 318 | बिजौलिया - शुक्रवार, 29 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## पहली पत्नी-बेटे ने रची खूनी साजिश, पूर्व सरपंच समेत 4 की हत्या कर स्कॉर्पियो में जलाए शव

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर ।**





जिले के बोराड़ा थाना क्षेत्र के श्रीरामपुरा गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर सड़क किनारे एक स्कॉर्पियो धू-धू कर जलती हुई मिली। गाड़ी के भीतर तीन अधजले शव पड़े थे, जबकि कुछ दूरी पर खेत में एक महिला का शव मिला। मृतकों की पहचान पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी, उनकी मां पूसी देवी, दूसरी पत्नी सुरज्ञान देवी और भांजी महिमा के रूप में हुई। शुरुआती तौर पर मामला हादसा माना जा रहा था, लेकिन पुलिस जांच में सामने आई सच्चाई ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे सामने आई। ग्रामीणों ने सड़क पर जलती स्कॉर्पियो देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसी दौरान सड़क किनारे खेत में एक महिला गंभीर हालत में मिली, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पुलिस को घटनास्थल और घर के आसपास संघर्ष के निशान मिले, जिसके बाद शक परिवार के सदस्यों पर गया। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पूर्व सरपंच की पहली पत्नी सुनीता, 19 वर्षीय बेटी और 17 वर्षीय नाबालिग बेटे को हिरासत में लिया।



पुलिस के अनुसार पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी ने दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद पहली पत्नी और बच्चों के साथ उसका लगातार विवाद रहता था। शराब के नशे में आए दिन मारपीट और प्रताड़ना की बात भी सामने आई है। बेटी और बेटे के साथ भी दुर्व्यवहार किया जाता था।

बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को भी रामसिंह ने बेटी के साथ मारपीट की थी। इसी के बाद पहली पत्नी, बेटी और बेटे ने मिलकर हत्या की साजिश रची। देर रात खेत में काम आने वाले धारदार औजार से चारों की गला रेतकर हत्या कर दी गई।

हत्या के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए शवों को स्कॉर्पियो में डाला। नाबालिग बेटे ने घर में खड़े ट्रैक्टर से डीजल निकाला और गाड़ी को घर से करीब 500 मीटर दूर ले जाकर उस पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी। आग लगने के बाद आरोपी वापस घर लौट आए और सुबह ग्रामीणों के बीच खुद को घटना से अनजान बताते हुए रोने-बिलखने का नाटक करते रहे। अजमेर एसपी हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया कि मामले में पहली पत्नी सुनीता को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बेटी और नाबालिग बेटे को डिटेन किया गया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल धारदार औजार और अन्य सबूत जुटा लिए हैं। एफएसएल टीम और पुलिस अधिकारी पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने में जुटे हैं।

पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि वारदात पूरी तरह पूर्व नियोजित थी या गुस्से में अचानक अंजाम दी गई। आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

## लक्जरी कार में छिपाकर गुजरात ले जा रहे थे ब्रांडेड शराब, पुलिस ने 5.28 लाख की खेप पकड़ी




**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** कोटा ग्रामीण पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 लाख 28 हजार रुपए कीमत की ब्रांडेड अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल हो रही गुजरात नंबर की लग्जरी फोर्ड एंडेवर कार को भी जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जो मध्यप्रदेश के रास्ते गुजरात शराब की खेप ले जा रहे थे।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि ऑपरेशन रूट क्लियरेंस के तहत साइबर सेल और चेचट थाना पुलिस की संयुक्त टीम लगातार संदिग्ध वाहनों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान चेचट थाना क्षेत्र में दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे के नीचे 8 लेन इंटरचेंज पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी।

23 मई को जांच के दौरान गुजरात नंबर की काले रंग की फोर्ड एंडेवर कार वहां पहुंची। पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस को संदेह हुआ और तत्काल बैरिकेड लगाकर कार को रुकवाया गया।

तलाशी लेने पर कार की डिग्गी और पीछे की सीट में छिपाकर रखी गई 132 बोतल ब्रांडेड अवैध शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत करीब 5 लाख 28 हजार रुपए आंकी गई है।

एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुजरात के सूरत निवासी वेकरिया अजय भाई और सुहागिया हितेश के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे गुजरात में किसे सप्लाई किया जाना था।

पुलिस ने बताया कि तस्कर लग्जरी वाहन का इस्तेमाल कर जांच एजेंसियों को चकमा देने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सतर्कता के चलते पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर तस्करी के नेटवर्क का खुलासा कर दिया।

## जिला अस्पताल परिसर में बागरिया समाज के दो गुटों में खूनी भिड़ंत, एक दूसरे पर लाठी-डंडे और पत्थरो से किया हमला,मचा हड़कंप,दो जनों को पुलिस ने लिया हिरासत में




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिला अस्पताल परिसर में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बागरिया समाज के दो गुट परिसर में स्थित पार्क के बाहर आपस में भिड़ गए। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों व पत्थरों से हमला कर दिया। घटना से अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष अस्पताल में भर्ती एक परिचित की कुशलक्षेम पूछने आए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया।

सूचना मिलते ही भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया।

पुलिस ने मौके से भीमा पुत्र गोवर्धन बागरिया एवं राजू पुत्र गोवर्धन बागरिया निवासी पोटला थाना गंगापुर को हिरासत में लेकर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मेनाल में बाथरूम तोड़ते समय हादसा, मलबे में दबने से श्रमिक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगु ।**

क्षेत्र के मेनाल गांव में गुरुवार को मजदूर की मलबे में दबने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह रिश्तेदार के घर पर पुराने बाथरूम को तोड़ने का कार्य कर रहा था। अचानक दीवार और पत्थरों का मलबा भरभराकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से श्रमिक की मौके पर ही जान चली गई। बेगूं थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पंचायत मेघनिवास के गिरडिया गांव निवासी 40 वर्षीय श्यामलाल पुत्र किशनलाल भील के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे श्रमिक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने शव को बेगूं उप जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि श्यामलाल मेनाल गांव में अपने रिश्तेदार फूलचंद भील के घर पुराने बाथरूम को ढहाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मलबा गिरने से वह पत्थरों के नीचे दब गए। ग्रामीणों के अनुसार श्यामलाल पिछले करीब तीन वर्षों से मेनाल क्षेत्र में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है।

## भीषण गर्मी में भी प्रदेश को निर्बाध बिजली आपूर्ति, शिकायतों में आई कमी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विद्युत प्रसारण एवं वितरण तंत्र को मजबूत बनाने के लिए किए गए प्रयासों का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। भीषण गर्मी के बावजूद घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रदेशभर में पर्याप्त एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों की सतत मॉनिटरिंग एवं नवाचारों के चलते उपभोक्ताओं की शिकायतों में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।

राज्य सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए प्रदेश में विद्युत प्रसारण तंत्र का तेजी से सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। सरकार के कार्यकाल में अब तक 33 केवी के 444 नए सब स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 211 सब स्टेशन निर्माणाधीन हैं। वहीं 400, 220 और 132 केवी के 59 जीएसएस स्थापित किए गए हैं तथा 145 जीएसएस पर कार्य जारी है।

प्रदेश में सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से करीब 7376 मेगावाट तथा कोयला आधारित तापीय परियोजनाओं से 7830 मेगावाट विद्युत क्षमता उपलब्ध है। इसके अलावा बढ़ती गर्मी में ट्रिपिंग और फॉल्ट की समस्या से निपटने के लिए डिस्कॉम कंपनियों ने पहले से ही व्यापक तैयारियां की थीं। ट्रांसफॉर्मरों की 13 हजार 473 एमवीए क्षमता वृद्धि, 11 केवी और 33 केवी के 4815 फीडरों का विभाजन, करीब 5 हजार सर्किट लाइनों का विस्तार और 3682 जीएसएस का रखरखाव कार्य पूरा किया गया।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री कॉल सेंटर, ग्राहक सेवा केंद्र, केंद्रीय नियंत्रण कक्ष और 1129 फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इसका असर शिकायतों के आंकड़ों में भी दिखाई दिया है। जयपुर, अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम में 1 अप्रैल से 20 मई 2025 के बीच 'नो करंट' की लगभग 3.52 लाख शिकायतें दर्ज हुई थीं, जबकि इसी अवधि में वर्ष 2026 में शिकायतों की संख्या घटकर करीब 3.11 लाख रह गई।

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। 1 मई को जहां मांग 2860 लाख यूनिट थी, वहीं हीटवेव के चलते यह बढ़कर 3850 लाख यूनिट तक पहुंच गई। 27 मई को रात 10:15 बजे प्रदेश में इस गर्मी की सर्वाधिक 17,333 मेगावाट बिजली मांग दर्ज की गई ।

राज्य सरकार के अनुसार प्रदेश में दिन के समय बिजली की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। 21 से 27 मई के बीच कई दिनों में मांग की तुलना में अधिक बिजली उपलब्ध रही। हालांकि रात में सौर ऊर्जा उत्पादन बंद होने से उपलब्धता घटकर लगभग 16,500 मेगावाट रह जाती है, जिसकी पूर्ति एनर्जी एक्सचेंज से बिजली खरीदकर की जाती है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं के साथ-साथ पंप स्टोरेज, गैस, जल विद्युत और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।



इसी बीच जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) ने भी नवाचार करते हुए पीक ऑवर्स के दौरान विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत कनिष्ठ अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता तक रात 8 बजे से 11 बजे तक फील्ड में जाकर भारी लोड वाले जीएसएस, फीडर और ट्रांसफॉर्मरों की जांच कर लोड बैलेंसिंग कर रहे हैं। इससे ट्रिपिंग और नो करंट जैसी समस्याओं के त्वरित समाधान में मदद मिल रही है तथा वोल्टेज उतार-चढ़ाव की समस्या पर भी नियंत्रण पाया जा रहा है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

## सवाईपुर में तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा आज

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )**:- सवाईपुर कस्बे में ब्राह्मणों के चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण के पास तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव का आयोजन आज शुक्रवार से शुरू होगा । आयोजक श्याम सुंदर श्रोत्रिय ने बताया कि श्री चारभुजा नाथ की असीम अनुकम्पा से तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा महोत्सव की शुरुआत आज शुक्रवार प्रातः सुबह 7:15 बजे हनुमान मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगी । इसके बाद प्रातः 9:15 बजे से दोपहर 1: 15 बजे तक प्रतिदिन नानी बाई का मायरा का कथावाचक दुर्गेश चतुर्वेदी रामपुरिया बेंगू वाले के मुखारविंद से मायरा का वाचन होगा । वही रविवार 31 मई को नानी बाई का मायरा संपन्न होगा ।।

## चित्रकार डॉ. ओम प्रकाश का बनाया तैल चित्र बना आकर्षण का केंद्र



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

महाराज शक्ति सिंह की 484वीं जयंती पर उदयपुर में आयोजित समारोह में कस्बे के सुप्रसिद्ध चित्रकार डॉ. ओम प्रकाश सोनी द्वारा निर्मित महाराज शक्ति सिंह का भव्य तैल चित्र आकर्षण का केंद्र बना रहा।

महाराज रणधीर सिंह भींडर ने चित्र की सराहना करते हुए कहा कि यह चित्र 'युगों-युगों तक याद रखा जाएगा।' ऐतिहासिक तथ्यों और अध्ययन के आधार पर तैयार

चित्र में शक्ति सिंह जी के व्यक्तित्व, वीरता और राजसी तेज को प्रभावशाली रूप में दर्शाया गया है।



समारोह में मुख्य अतिथि विश्वराज सिंह मेवाड़ एवं अध्यक्ष महिमा कुमारी मेवाड़ रहीं। इस दौरान मेवाड़ के प्रमुख उमरावों सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## रखरखाव कार्य के चलते आज कई गांवों में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

33 केवी सलावटिया लाइन पर रखरखाव कार्य किए जाने के कारण शुक्रवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

कनिष्ठ अभियंता हेमेन्द्र नावर ने बताया कि रखरखाव कार्य के दौरान सलावटिया, चांद जी की खेड़ी तथा कांस्या जीएसएस से जुड़े सभी गांवों की विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी।

## गंगापुर में सफाई व्यवस्था पर फूटा जनआक्रोश, बाजार बंद कर सड़कों पर उतरे व्यापारी और कांग्रेस कार्यकर्ता



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर गुरुवार को गंगापुर में जनता का गुस्सा खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। कांग्रेस और व्यापार मंडल के संयुक्त आह्वान पर आयोजित गंगापुर बंद को शहरवासियों का व्यापक समर्थन मिला। सुबह से ही मुख्य बाजारों में दुकानों के शटर बंद नजर आए और व्यापारियों के साथ आमजन ने भी नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। पूरे दिन शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा और आक्रोश का माहौल बना रहा। दरअसल, पिछले कई दिनों से गंगापुर शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। शहर के गली-मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। जगह-जगह फैली गंदगी और उठती बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगरपालिका प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल पर भी लापरवाही बरतने के आरोप लगाए जा रहे हैं। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत भूत बावजी सर्कल से हुई, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कचरे के ढेर के बीच झाड़ू लगाकर अनूठे तरीके से प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजी दावों तक सीमित हैं, जबकि धरातल पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

इसके बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और व्यापारी नगरपालिका कार्यालय पहुंचे, जहां धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कार्यवाहक ईओ पंकज कुमार मंगल के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई। आक्रोशित लोगों ने नगरपालिका परिसर के बाहर कचरा डालकर विरोध जताया और बाद में उसमें आग लगाकर प्रशासन के प्रति अपना रोष व्यक्त किया।

बाजार बंद और विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरे दिन अलर्ट मोड पर नजर आया। शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और नगरपालिका कार्यालय के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने लगातार हालात पर नजर बनाए रखी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। वहीं आमजन का कहना है कि शहर की बिगड़ती व्यवस्था ने नगरपालिका प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

## गौ माता भारतीय संस्कृति की आधारशिला - सरस्वती






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गौ माता संरक्षण, गौ सेवा एवं गौ सम्मान को लेकर संचालित 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के दूसरे चरण की कार्ययोजना तय करने हेतु जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को अग्रवाल उत्सव भवन, रोडवेज बस स्टैंड के सामने आयोजित हुई। बैठक परम पूज्य ग्वाल संत स्वामी श्री गोपालानंद सरस्वती के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

बैठक में विधायक अशोक कुमार कोठारी, राजस्थान प्रभारी बहादुर सिंह, साध्वी गुरु मां छो बावड़ी हमीरगढ़, परम गौ भक्त सुनील जागेटिया एवं एडवोकेट लादूलाल तेली सहित विभिन्न संत-महात्माओं, गौ प्रचारकों, गौशाला संचालकों, मातृशक्ति, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं जिले की विभिन्न तहसीलों से आए प्रभारियों ने भाग लिया।

बैठक में आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रार्थना पत्र कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अभियान के दूसरे चरण को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई।

परम पूज्य ग्वाल संत स्वामी श्री गोपालानंद सरस्वती ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, धर्म और सनातन जीवन मूल्यों की आधारशिला है। गौ सेवा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और मानव कल्याण का माध्यम भी है। उन्होंने समाज से संगठित होकर गौ संरक्षण के लिए आगे आने तथा गांव-गांव में गौ सेवा की भावना जागृत करने का आह्वान किया।

राजस्थान प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में राजस्थान की 18 तहसीलों से लक्ष्य 5 करोड़ हस्ताक्षरों के मुकाबले सवा 5 करोड़ हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र सरकार को सौंपे गए। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल, दिल्ली, असम, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में अभियान को समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर भी अभियान को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में गायत्री परिवार, पतंजलि संस्थान एवं बागेश्वर धाम सरकार सहित विभिन्न संगठनों ने समर्थन दिया है। आगामी चरणों में 40 करोड़ हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि द्वितीय चरण में 27 जुलाई 2026 तक 15 करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

परम गौ भक्त सुनील जागेटिया ने कहा कि 'गौ सेवा, गौ सुरक्षा और गौ सम्मान' का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा तथा अधिकाधिक लोगों को अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने सभी गौ भक्तों, तहसील प्रभारियों एवं सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया।

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति और आस्था का आधार है। गौ सेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा गौ सेवा राशि में वृद्धि किए जाने का उल्लेख करते हुए गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान को 9 माह से बढ़ाकर 12 माह करने की मांग रखी। साथ ही नई गौशालाएं एवं नंदीशालाएं खोलने की आवश्यकता भी बताई।

उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति में कामधेनु एवं कल्पवृक्ष के समान मानी गई है, जो मानव जीवन के कल्याण का आधार है। विधायक कोठारी ने केंद्र स्तर पर गौ सेवा विभाग खोलने तथा गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का समर्थन भी किया।

बैठक में जिला स्तरीय टोली के जगदीश चंद्र तेली, नंदलाल, दिनेश लक्षकार, कांति लाल जैन सहित सभी तहसीलों के गौ भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी ने कोटा के नीट छात्रों और प्रसूता मौत मामले पर ली जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**



**गर्वित।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम के निर्देशन में दिल्ली पहुंचे कोटा के नीट परीक्षार्थियों के प्रतिनिधिमंडल से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुलाकात कर परीक्षा में हुई अनियमितताओं और पेपर लीक मामले पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कोटा मेडिकल कॉलेज में प्रसूताओं की मौत के मामले की भी जानकारी ली।राखी गौतम ने बताया कि एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा के नेतृत्व में पहुंचे छात्रों ने राहुल गांधी के सामने नीट परीक्षा प्रणाली, पेपर लीक और कोचिंग व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं रखीं। छात्रों ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

छात्र मंदीप योगी ने एनटीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए परीक्षा प्रक्रिया को सरकार के अधीन लाने की मांग की। वहीं छात्र लक्ष्य सोन ने कोटा में बढ़ते छात्र आत्महत्या मामलों और कोचिंग संस्थानों की मनमानी फीस व्यवस्था का मुद्दा उठाया।

राहुल गांधी ने छात्रा सूफियाना अली से बातचीत करते हुए उनके डॉक्टर बनने के उद्देश्य के बारे में पूछा। छात्रा ने कहा कि परिवार में हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद वह चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए डॉक्टर बनना चाहती हैं।

प्रतिनिधिमंडल में सूफियाना अली, मोहम्मद आतिफ, मंदीप योगी, जतिन प्रजापति और लक्ष्य सोन सहित अन्य छात्र शामिल रहे। राहुल गांधी ने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाया जाएगा।

इस दौरान युवा कांग्रेस प्रवक्ता स्वप्निल शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष भारद्वाज और हिमांशु रावत ने भी राहुल गांधी से कोटा मेडिकल कॉलेज में प्रसूताओं की मौत और शहर की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की।

## 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत जोगणिया माता परिसर में श्रमदान से हुई शुरुआत





**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किए गए 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के तहत गुरुवार को श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान, धारला- बेगूं में श्रमदान कर सफाई अभियान की शुरुआत की गई।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि राज्य सरकार एवं देवस्थान विभाग के निर्देशानुसार श्री जोगणिया माता परिक्षेत्र स्थित संस्थान के मुख्य जलस्त्रोत सूर्यकुंड तालाब/एनिकट तथा गायत्री मंदिर परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्थान के पदाधिकारियों, कर्मचारियों, धर्म से जुड़े श्रद्धालुओं एवं आमजन ने श्रमदान कर अभियान में भागीदारी निभाई।

उन्होंने बताया कि सरकार ने इस अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न रखकर जन अभियान के रूप में संचालित करने का लक्ष्य रखा है, जिससे धार्मिक संगठनों, ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत प्रदेशभर के जल स्रोतों, तालाबों, बावड़ियों एवं नहरों की साफ-सफाई श्रमदान के माध्यम से की जाएगी, जिससे जल संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ेगी।

संस्थान अध्यक्ष जोशी ने कहा कि संस्थान द्वारा इस प्रकार के कार्य लगातार किए जाते रहे हैं तथा सरकार द्वारा सौंपे गए जनहित कार्यों में संस्थान सदैव अग्रणी भूमिका निभाता आया है। उन्होंने बताया कि यह सफाई एवं जल संरक्षण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



QUICK BITES

## नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में 31 मई को होगा भव्य नौका विहार व सावन-भादो मनोरथ

**ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडानी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न, समितियों का किया गठन**


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट, नौगांवा की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंदिर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने के लिए वर्ष 2026-27 की कार्यकारी समितियों का गठन किया गया। इस दौरान दामोदर प्रसाद अग्रवाल, कैलाश डाड, कमल कंदोई और चंद्रप्रकाश आगाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से घोषित समितियों में हवन, अभिषेक व पूजा समिति का प्रमुख भंवरलाल दरगड, भण्डार सामग्री व्यवस्था समिति का प्रमुख गिरिराज काबरा व सह-प्रमुख अजीत सिंह, निर्माण व मरम्मत समिति का प्रमुख सुनील नवाल तथा मन्दिर दर्शन एवं महाप्रसाद वितरण समिति का प्रमुख राकेश खोईवाल व सह-प्रमुख बबलू सेन को बनाया गया है। ट्रस्ट जल्द ही शेष समितियों की सूची भी जारी करेगा। ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी रविवार, 31 मई 2026 (ज्येष्ठा शुक्ला पूर्णिमा) को मंदिर परिसर में भव्य नौकाविहार मनोरथ एवं सावन-भादो महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मेवाड़ के सुप्रसिद्ध आराध्या इवेंट प्लानर द्वारा संचालित इस धार्मिक उत्सव में प्रातः 11.00 बजे नौका विहार का श्री गणेश किया जाएगा सभी भक्त नौका को कंधों पर उठाकर लायेंगे। इसके बाद प्रभु सांवरिया सेठ एवं श्रीनाथजी बाबा नौका विहार करेंगे। इसके बाद सायं 7.00 बजे से शीतल सेवा के तहत सावन भादो महोत्सव कुंज दर्शन होगा, जिसमें प्रभु श्रीनाथ जी झूले में विराजेंगे और संध्याकालीन नौका विहार करेंगे। कार्यक्रम में गोवत्स दिव्यांशु महाराज (कथा वाचक) द्वारा विशेष राग सेवा दी जाएगी। ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता विजय सिंह पथिक को भारत रत्न देने की उठी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**




बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता, राजस्थान सेवा संघ के संस्थापक, महान क्रांतिकारी किसान नेता, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं 'राजस्थान केसरी' के नाम से विख्यात विजय सिंह पथिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नन्दलाल गुर्जर ने कहा कि विजय सिंह पथिक केवल एक नाम नहीं, बल्कि किसानों, शोषितों और आमजन के अधिकारों की लड़ाई का एक अमर प्रतीक हैं। उन्होंने ऐसे समय में किसानों की आवाज बुलंद की, जब अत्याचार, बेगार, भारी लगान और अन्याय के खिलाफ बोलना भी आसान नहीं था। राजस्थान की धरती पर उन्होंने बिजौलिया किसान आंदोलन के माध्यम से जो जनजागरण किया, उसने न केवल किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, बल्कि पूरे देश में स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की नई चेतना भी पैदा की। बिजौलिया किसान आंदोलन भारतीय इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसने किसान शक्ति, संगठन और संघर्ष का नया मार्ग प्रशस्त किया। इस आंदोलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब जनता अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करती है, तो परिवर्तन निश्चित होता है। इस ऐतिहासिक आंदोलन के पीछे विजय सिंह पथिक का अद्भुत नेतृत्व, त्याग, दूरदर्शिता और साहस था। उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने राजस्थान सेवा संघ की स्थापना कर समाज में शिक्षा, जागरूकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत किया। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, त्याग और देशसेवा की प्रेरणादायक मिसाल है। वे केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के किसान आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक रहे हैं। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी क्षेत्रवासी एवं देशवासी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत सरकार से मांग करते हैं कि किसानों, शोषितों और राष्ट्र के लिए दिए गए उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित करते हुए विजय सिंह पथिक जी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। यह सम्मान न केवल एक महान क्रांतिकारी व्यक्तित्व को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि देश के किसान आंदोलन, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की भावना का भी गौरव बढ़ाएगा। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी किसान नेता और जननायक को हम सभी का बारम्बार नमन। उनकी संघर्ष गाथा सदैव आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के विरुद्ध लड़ने, समाजहित में कार्य करने और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।


भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ का कमला पाम में अभिनंदन

**वर्तमान में समाज को आध्यात्म से जोड़ना आवश्यक - स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



आटून रोड स्थित कमला पाम सोसाइटी में ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज का श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सोसाइटी स्थित हनुमान शिव परिवार मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सोसाइटीवासी उपस्थित रहे। पूरे परिसर को धार्मिक वातावरण से सजाया गया तथा जयघोषों के बीच जगद्गुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया गया।

कॉन्ट्रैक्टर ओमप्रकाश सेन ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज के आगमन को लेकर विशेष उत्साह रहा। कार्यक्रम में कमला पाम सोसाइटी के अध्यक्ष सुभाष गर्ग , गिरीराज माहेश्वरी, ज्ञानमल जैन, सुनील सोनी, राजेश गोयल, प्रवीण बुलिया, मदन गोपाल कालरा, मयंक काबरा, भास्कर मानसिंहका, संजय शर्मा, प्रदीप कोठारी, भावेश दरगड़, सुशील देवपुरा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

महिला मंडल की ओर से भी श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर कल्पना माहेश्वरी, रितु मानसिंहका, रीना गोयल, मधु देवपुरा, निशा सोनी, कांता देवपुरा, जया शर्मा, प्रीति त्रिपाठी, नेहा जैन सहित कई महिलाओं ने मंगल गीतों एवं पुष्प अर्पण के साथ संत का अभिनंदन किया। सोसाइटी की ओर से शॉल, उपरणा एवं माल्यार्पण कर सम्मान स्वरूप अभिनंदन किया गया।

अपने आशीर्वचन में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से ईश्वर की पूजा-अर्चना, सत्संग एवं धर्म कार्यों में भाग लेना चाहिए, जिससे जीवन में सकारात्मकता और आत्मिक शांति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना पर आधारित है और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं सेवा भाव बनाए रखना ही सच्चा धर्म है। शंकराचार्य ने युवाओं से भी भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मोहनपुरा में विकास कार्यों की सौगात, विधायक ने किए करोड़ों के शिलान्यास-लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल ने गुरुवार को ग्राम पंचायत मोहनपुरा सहित आसपास के गांवों में करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत कर क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया।

**पेयजल योजनाओं से गांवों को बड़ी राहत**

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान की दिशा में विधायक खंडेलवाल ने मोहनपुरा में पेयजल योजना के तहत 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्च जलाशय (पानी की टंकी) का शिलान्यास किया। वहीं मंगरदेह गांव में 'हर घर जल' योजना के अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार और पानी की टंकी निर्माण के लिए 30 लाख रुपये के कार्यों की आधारशिला रखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि इन योजनाओं के पूरा होने के बाद लंबे समय से बनी पेयजल समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

**मंदिर परिसरों में बने छायागृह जनता को समर्पित**

विधायक मद से कराए गए निर्माण कार्यों के तहत मोहनपुरा स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर तथा हिम्मतपुरा के भगवान शंकर मंदिर परिसर में निर्मित छायागृहों का भी लोकार्पण किया गया। धार्मिक आयोजनों और सामाजिक कार्यक्रमों में इनका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।

**भड़क झरने तक सड़क निर्माण की उठी मांग**

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने मोहनपुरा से प्रसिद्ध भड़क झरने (छतरी खेड़ा) तक सड़क के डामरीकरण की मांग विधायक के सामने रखी। इस पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की हर जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा तथा सड़क निर्माण का कार्य भी शीघ्र कराने का प्रयास किया जाएगा।

**बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे मौजूद**

कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, मनोज सनाढ्य, जगदीश पुरी, सत्यनारायण सुथार, ग्राम पंचायत प्रशासक रामस्वरूप तेली, कैलाश तेली, रामप्रसाद जाट, बक्शूराम गुर्जर, गोविंद शर्मा, नाथू दरोगा, सोराम गुर्जर, विनोद शर्मा, दिलराज मीणा, चतर सिंह, फूलचंद मीणा, सत्तू मीणा, आदित्य रायका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन-अभियान' के तहत PHED ने राहगीरों को पिलाया शीतल जल

**जल संरक्षण का दिया संदेश, टंकियों की सफाई व चौपाल कार्यक्रम आयोजित**

**भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द।**



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) द्वारा 'वंदे गंगा जल संरक्षण - जन अभियान' के तहत विभिन्न जनजागरूकता एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 25 मई से 5 जून तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सहायक अभियंता बालूराम गुर्जर के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहगीरों एवं वाहन यात्रियों को शीतल पेयजल पिलाकर सेवा कार्य किया।भीषण गर्मी को देखते हुए विभागीय कर्मचारियों ने कार्यालय के बाहर से गुजरने वाली बसों, कारों और अन्य वाहनों को रोककर यात्रियों को ठंडा एवं स्वच्छ पानी पिलाया। पैदल राहगीरों को भी आत्मीयता के साथ पेयजल उपलब्ध कराया गया।

अभियान के दौरान विभाग द्वारा क्षेत्र के उच्च जलाशयों (पानी की टंकियों) की सफाई, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए क्लोरीन जांच तथा कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'जल बचत चौपाल' का आयोजन कर पानी की बचत और अपव्यय रोकने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में 'पानी रो मान राखो, जीवण रो ध्यान राखो' एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' जैसे संदेशों के माध्यम से पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अनिल जीनगर, बलराम सुनारिया, मुलाराम, हरदेव, राजू, मंदरूप सहित विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शास्त्री नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शास्त्री नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के चुनाव निर्विरोध रामेश्वरम में संपन्न हुए। इसमें सभी ने सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर भेरूलाल सोमानी व मंत्री पद पर मुकेश जागेटिया को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया, इसमें सभी वरिष्ठ जनों का सहयोग रहा। प्रचार प्रसार मंत्री डॉ भाग चन्द सोमानी ने बताया कि अध्यक्ष व मंत्री के निर्देशन में नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कास्ट, संगठन मंत्री ओमप्रकाश बियानी, सह मंत्री ओमप्रकाश कास्ट, रामस्वरूप राठी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार बंग, शीतल सोडाणी, अनिल सोमानी, सुनील सोमानी व प्रचार प्रसार मंत्री डॉ. भागचन्द सोमानी को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष भैरूलाल सोमानी ने शास्त्री नगर के सभी माहेश्वरी बन्धुओं को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया व सभी को साथ लेकर समाज में रचनात्मक कार्य करने की शपथ ली। सोमानी ने कहा की समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा की सामाजिक, शैक्षिक एवं विकासात्मक कार्यों को नई दिशा देने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। मंत्री मुकेश जागेटिया ने भीलवाड़ा में क्षेत्रीय सभा को उत्तरोत्तर प्रगति करने हेतु अपना सर्वोच्च देने की घोषणा की। जागेटिया ने कहा की 'समाज के विकास एवं उत्तरोत्तर प्रगति के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।' इसी के साथ ही नगर माहेश्वरी सभा व जिला प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी निर्विरोध किया गया। इस दौरान सुनील बियानी कंवरलाल पोरवाल, राधेश्याम गग्गड, राधेश्याम सोमानी, राजेंद्र समदानी, अनिल राठी, कैलाश सोमानी, सत्यनारायण मुन्दडा, फतेह लाल जैथलिया, दिनेश सोमानी, बालकिशन सोमानी आदि उपस्थित थे।

# वर्तमान समय में संतो के आदर्शों और सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाने की जरूरत - स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ

## -पुरुषोत्तम मास में हरि शेवा में धर्म गंगा का प्रवाह जारी - 'भक्तमाल कथा' में उमड़े श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचंद पेसवानी।** सनातन सेवा समिति, हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ द्वारा आयोजित भक्तमाल कथा के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और संत महिमा की अविरल धारा प्रवाहित हुई। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि संत महापुरुष इस धरती पर मानवता के कल्याण और धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। संतों का जीवन त्याग, तपस्या, सेवा और ईश्वर भक्ति का जीवंत उदाहरण होता है। उन्होंने भक्तमाल के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि सच्चा भक्त वही है जो अहंकार त्यागकर प्रभु चरणों में पूर्ण समर्पण भाव रखता है। स्वामी ज्ञानानन्द तीर्थ ने भागवत




धर्म के बारह महान आचार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्माजी, देवर्षि नारद, भगवान शंकर, सनत्कुमार, कपिलदेव, स्वायंभुव मनु, प्रह्लाद, जनक, भीष्म पितामह, बलि, शुकदेवजी और धर्मराज - ये बारह महापुरुष ही भागवत धर्म के वास्तविक रहस्य को जानते हैं। उन्होंने श्रीमद्भागवत का प्रसिद्ध श्लोक उद्धृत करते हुए कहा - 'स वै पुंसां परो धर्मो यतो भक्तिरधोक्षजे। अहैतुक्यप्रतिहता ययात्मा सम्प्रसीदति॥' अर्थात् मनुष्यों के लिए वही धर्म सर्वोत्तम है, जिससे भगवान के प्रति निष्काम, निरंतर और अखंड भक्ति उत्पन्न हो। ऐसी भक्ति में किसी प्रकार की सांसारिक कामना नहीं होती और न ही कोई बाधा उसे रोक सकती है। जब जीव इस प्रकार की निर्मल भक्ति प्राप्त करता है, तब उसका हृदय परमात्मा की अनुभूति से पूर्ण संतोष और आनन्द को प्राप्त कर कृतार्थ हो जाता है।

ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानन्द तीर्थ ने कहा कि भागवत धर्म केवल कर्मकाण्ड नहीं, बल्कि भगवान के प्रति प्रेम, समर्पण और निष्काम भक्ति का मार्ग है, जो मानव जीवन को शांति, संतोष और मोक्ष की ओर ले जाता है। कथा के दौरान उन्होंने अनेक संत महात्माओं के प्रेरणादायी प्रसंग सुनाते हुए बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी जिन्होंने भगवान का स्मरण नहीं छोड़ा, उन्हें अंततः प्रभु कृपा अवश्य प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संतों के आदर्शों और सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। कथा के मध्य श्रद्धालु 'हरि नाम' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। आज विष्णु यज्ञ में सुनीता गुरनानी, मुस्कान, अजय गुरनानी और बड़ौदा के यजमान ने आहुतियाँ दी एवं महादेव का रुद्राभिषेक किया। पुरुषोत्तम माह महोत्सव के अंतर्गत आश्रम में प्रतिदिन विष्णु यज्ञ, रुद्राभिषेक, संकीर्तन, गंगा आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहे हैं। आश्रम के संत मायाराम और संत गोविन्दराम ने सनातन धर्म के सभी श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा में बह रही धर्मगंगा की त्रिवेणी का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विधायक कोठारी ने प्राचीन बावड़ियों और जलाशयों का किया निरीक्षण

## प्राचीन बावड़ियां हमारी सांस्कृतिक विरासत, इनका संरक्षण जरूरी - कोठारी





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने गुरुवार को शहर की प्राचीन बावड़ियों, कुओं और जलाशयों का निरीक्षण कर इनके संरक्षण एवं पुनर्जीवन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि प्राचीन बावड़ियां हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं।

विधायक ने गुलमंडी स्थित शिव मंदिर की बावड़ी, बालाजी मार्केट स्थित बालाजी मंदिर की बावड़ी, सीतारामजी की बावड़ी, माणिक्य नगर स्थित रामद्वारा की बावड़ी, सांगानेर स्थित चारभुजा मंदिर की बावड़ी, पंचमुखी दरबार परिसर स्थित बावड़ी तालाब, तेजाजी चौक स्थित रूपजी महाराज की बावड़ी, शास्त्री नगर स्थित बासा की बगीची का कुआं तथा हरनी महादेव रोड स्थित माधवदासजी की बगीची की बावड़ी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण के साथ पर्यटन एवं धार्मिक महत्व से भी जोड़ा जा सकता है।

इस दौरान एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, संजय राठी, चेतन मानसिंहका, कमल कोठारी , केदार जागेटिया, कन्हैया लाल स्वर्णकार, दिनेश सुथार, राहुल नायक सहित नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी, कनिष्ठ अभियंता सुरेश गर्ग , स्वास्थ्य अधिकारी शिव लाल गारू,एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता दिलराज मीणा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# 113 गांवों की हरि बोल प्रभात से भक्तिमय हुआ सवाईपुर का वातावरण

## भीषण गर्मी में चढ़ा भक्ति का रंग





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कस्बे में गुरुवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के दर्जना गांवों से हरि बोल प्रभात फेरी की मंडलियां पहुंची, हरि बोल प्रभात फेरी से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया, हर तरफ हरि बोल के जयकारे गूंज उठे । आयोजक जगदीश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि ब्राह्मणों के मंदिर के पास सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ, इसके बाद गुरुवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया ।

प्रातः 9:15 बजे ब्राह्मणों के मंदिर से हरि बोल प्रभात फेरी चारभुजानाथ की शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुई, जो ब्राह्मणों का मोहल्ला, सालरिया मार्ग, बालाजी मंदिर, कुम्हार मोहल्ला, तेजाजी चौक, मुख्य बस स्टैंड, विद्युत ग्रीड के पास से होते हुए गाड़री मोहल्ला होकर पुनः ब्राह्मणों के मंदिर पर पहुंची । प्रभात फेरी संचालक श्यामसुंदर श्रौत्रिय ने बताया कि हरि बोल प्रभात फेरी में आसपास के 113 गांवों की मंडलिया पहुंची, जिससे गांव का वातावरण हो गया । ढोलक मजिरे की धुन पर भक्तिमय भजनों व गीतों की प्रस्तुतियां दी गई, इस पर भाव विभोर होकर भक्तगण नाचे झूमने लगे । करीब 45 डिग्री के तापमान के बीच में लोगों में भक्ति का जज्बात काम नहीं हुआ और भीषण गर्मी में भी लोग भरी दोपहरी में डटे रहे । इस पर ग्रामीणों द्वारा शीतल पेय जल, शरबत जूस आइसक्रीम आदि कई की व्यवस्था की गई । अंत में प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई ।।

# जगदगुरु आचार्य श्री रामदयालजी महाराज के भीलवाड़ा चातुर्मास की तैयारियां प्रारंभ

## आचार्यश्री ने किया चातुर्मास आमंत्रण पत्रिका का विमोचन






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठाधीश्वर जगदगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज के भीलवाड़ा माणिक्यनगर रामद्वारा में होने वाले ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास-2026 की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

इसके लिए विश्व शांति कल्याण चातुर्मास समिति का गठन किया गया है।

चातुर्मास की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन आचार्य रामदयालजी महाराज ने किया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भीलवाड़ा में इस वर्ष होने जा रहा चातुर्मास विश्व शांति एवं मानव कल्याण में सहायक होगा,साथ ही सम्पूर्ण विश्व में सुख शांति का वातावरण निर्मित होगा ओर सनातन संस्कृति को अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

आमंत्रण पत्रिका विमोचन के अवसर पर रामस्नेही संत मनोरथरामजी मचलाना सहित कई संतों का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर रामचरणानुरागी अशोक अजमेरा, मुरली ईनाणी, शिवकुमार गगराणी, अशोककुमार गगराणी, अंकित अजमेरा, श्यामजी ईनाणी, मुकेशकुमार गगराणी, सहित कई भक्त जन उपस्थित रहे।

आमंत्रण पत्रिका विमोचन उपरांत रामद्वारा भीलवाड़ा में विधिवत पत्रिका प्रेषित करने हेतु लेखन कार्य समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय भंडारी संत श्री खुशी राम जी एवं वरिष्ठ संत श्री जयराम जी के सानिध्य में किया गया

आचार्यश्री के चातुर्मासिक कार्यक्रमों का मंगलाचरण मंगलमय पधरावणी (प्रवेश) 19 जुलाई 2026 रविवार को सुबह 8.30 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा

शोभायात्रा रेलवे स्टेशन रोड स्थित गजाधर मानसिंहका धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए माणिक्यनगर रामद्वारा भीलवाड़ा पर पहुंच कर सम्पन्न होगी।

रामस्नेही सत्संगीजनों एवं भक्तगणों में इस चातुर्मास को लेकर उत्साह का माहौल है ओर सभी भक्तजन तैयारियों में जुट गए है।

### चातुर्मास में प्रवाहित होगी धर्म की अविरल धारा

चातुर्मास में आचार्यश्री रामदयालजी महाराज के सानिध्य में धर्म एवं सनातन संस्कृति की अविरल धारा प्रवाहित होगी ओर भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। चातुर्मासकाल में प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे तक रामधुनी के साथ सुबह 8 से 8.30 बजे तक वाणीजी का पाठ होगा। आचार्य श्री एवं संतजनों के प्रवचन प्रतिदिन सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक होंगे सूर्यास्त के समय संध्या आरती होगी। गुरू पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को मनाया जाएगा। चातुर्मास में 13 से 20 सितम्बर तक प्रातः कालीन सत्र में पूज्य वाणीजी प्रवचन सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक एवं मध्याह्न में भागवत ज्ञान महोत्सव दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा आचार्यश्री के अवतरण महोत्सव पर आध्यात्मिक कार्यक्रम 25 सितम्बर रात 8 बजे से होगा एवं आचार्यश्री अवतरण आनंदोत्सव 26 सितम्बर को सुबह 8.30 बजे से मनाया जाएगा।

पंचमी गोटकाजी की शोभायात्रा 15 अक्टूबर को निकाली जाएगी एवं चातुर्मास सम्पन्न 22 अक्टूबर को होगा।

आगामी चातुर्मास मे संपूर्ण देश सहित विदेश से भी भक्तजनों का आगमन भी होगा

## QUICK BITES

### पुरुषोत्तम मास में हुआ गौदान, वैदिक विधि से पूजन-अर्चन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के सानिध्य में धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान दिलीप ह्रपलानी द्वारा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित मुरारी जी को विधिवत गौदान किया गया। गौदान से पूर्व नौ वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौमाता का पूजन-अर्चन कराया गया। पूरे आश्रम परिसर में धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन ने कहा कि सनातन धर्म एवं शास्त्रों में गौदान को सभी दानों में श्रेष्ठ और अत्यंत पवित्र माना गया है। उन्होंने कहा कि गौदान करने से मनुष्य के पापों का शमन होता है तथा मृत्यु के पश्चात मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंद राम, संत ईशान राम, संत सुयज्ञ राम, पंडित सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे।

### शक्करगढ़ में ईद-उल-अज़हा की रौनक, अमन और भाईचारे की मांगी दुआ

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



मुस्लिम समाज का मुकद्दस त्योहार ईद-उल-अज़हा शक्करगढ़ क्षेत्र में पूरे अकीदत, खुशियों और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और हर तरफ अल्लाह की इबादत के साथ अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं।

शक्करगढ़ की जामा मस्जिद में इमाम साहिद कोशर ने ईद की नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद अपने खुत्बे में उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़हा हमें कुर्बानी, सब्र, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों की मदद करने, आपसी प्रेम बनाए रखने और समाज में अमन कायम रखने की अपील की।


इस अवसर पर सदर हाजी लाल मोहम्मद बिसायती ने भी सभी क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें मिल-जुलकर रहने और इंसानियत की राह पर चलने की सीख देते हैं।

ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और देश-प्रदेश में सुख-शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान मोसिन बेग, रेहान कुरेशी, लतीफ कुरेशी, मुराद रज़ा, राहुल पठान, हसन खान, जावेद सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

### आसींद के देवीलाल साहू को भाजपा ओबीसी मोर्चा में बड़ी जिम्मेदारी

#### प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही भीलवाड़ा जिले को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमावत द्वारा आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

देवीलाल साहू को प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व मिलने की सूचना के बाद आसींद सहित पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न जनजागरूकता एवं जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




राज्य सरकार के निर्देशानुसार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिलेभर में विभिन्न विभागों के समन्वय से जल संरक्षण, जल बचत एवं जनजागरूकता से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश देने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों, भामाशाहों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 'वंदे गंगा जल सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड एवं प्रमुख मार्गों पर राहगीरों एवं यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाया गया। बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को भी पेयजल वितरित कर जल सेवा का संदेश दिया गया।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न पेयजल स्त्रोतों, हैंडपंपों एवं जल संरचनाओं की साफ-सफाई कर आमजन को स्वच्छ जल स्त्रोतों के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही जल बचत एवं जल संरक्षण के प्रति जन-जागृति कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को दैनिक जीवन में जल के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

विभाग द्वारा जल परीक्षण अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता की जांच कर सुरक्षित पेयजल के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। वहीं भूजल विभाग द्वारा 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' के अंतर्गत संचालित कार्यों का अवलोकन किया गया तथा जल संरक्षण संरचनाओं एवं भूजल संवर्धन गतिविधियों की समीक्षा की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर जल पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा जल को जीवन का आधार बताते हुए उसके संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रमों में आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।